हापुड़ पुलिस

प्रेस नोट

थाना - पिलखुवा **दिनांक 02.12.2024**

- **थाना पिलखुवा पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक वाहन चोर को किया गिरफ्तार।**
- **जिसके कब्जे से चोरी की कार, फर्जी नम्बर प्लेट, वाहन चोरी करने के उपकरण, फर्जी आरसी व अवैध असलहा बरामद।**
- **गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का वाहन चोर है, जिसके विरुद्ध जनपद गाजियाबाद व हापुड़ में चोरी, हत्या का प्रयास व आर्म्स आदि से सम्बन्धित करीब एक दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।**
- **गिरफ्तार अभियुक्त वाहन चोरी कर उनके फर्जी/कूटरचित दस्तावेज व नम्बर प्लेट तैयार कर वाहनों को बेचकर आर्थिक लाभ कमाता था।**

कार्यवाही:-

हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वाहन चोरों/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को जटपुरा तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से चोरी की कार, फर्जी नम्बर प्लेट, वाहन चोरी करने के उपकरण, फर्जी आरसी व अवैध असलहा बरामद हुआ है।

उपरोक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना पिलखुवा पर मु0अ0सं0 637/2024 धारा 318(4), 338, 336(3), 317(2), 317(5) बीएनएस पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता:-

सुमित पुत्र देवेन्द्र निवासी ग्राम अतरौली थाना भोजपुर जनपद गाजियाबाद।

बरामदगी का विवरण-

1. चोरी की एक स्विफ्ट कार फर्जी नम्बर प्लेट लगी हुई।
2. 03 जोड़ी फर्जी नम्बर प्लेट।
3. एक बैग जिसमें वाहन चोरी करने के उपकरण (आरी का एक ब्लेड, 02 बर्मे, 02 रेती, 03 LM की, 02 LM की अधबनी, एक पेचकस, एक टेस्टर, मारुती गाडी की 03 चाबी) एवं 02 एसीएम, गाडी का एक लॉक व आरसी की 02 कलर फोटोस्टेट।
4. एक अवैध तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस .315 बोर।

गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः-

1. मु0अ0सं0 115/2024 धारा 317(5),345(3) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कपूरपुर जनपद हापुड।
2. मु0अ0सं0 47/2022 धारा 307/34 भादवि थाना हाफिजपुर जनपद हापुड।
3. मु0अ0सं0 50/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना हाफिजपुर जनपद हापुड।
4. मु0अ0सं0 52/2022 धारा 414/20/482 भादवि थाना हाफिजपुर जनपद हापुड।
5. मु0अ0सं0 726/2018 धारा 379/411 भादवि थाना मसूरी जनपद गाजियाबाद।
6. मु0अ0सं0 471/2019 धारा 379/411 भादवि थाना खोडा जनपद गाजियाबाद।
7. मु0अ0सं0 472/2018 धारा 379/411 भादवि थाना खोडा जनपद गाजियाबाद।
8. मु0अ0सं0 330/2020 धारा 379/411 भादवि थाना साहिबाबाद जनपद गाजियाबाद।
9. मु0अ0सं0 75/2013 धारा 307/411/41/420/414 भादवि थाना पिलखुवा जनपद हापुड।
10. मु0अ0सं0 294/2010 धारा 379 भादवि थाना पिलखुवा जनपद हापुड।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -

1. प्रभारी निरीक्षक श्री रघुराज सिंह थाना पिलखुवा जनपद हापुड।
2. उ0नि0 श्री शीशपाल सिंह थाना पिलखुवा जनपद हापुड।
2. है0का0 766 अमित कुमार थाना पिलखुवा जनपद हापुड।
3. है0का0 761 विपिन कुमार थाना पिलखुवा जनपद हापुड।
4. का0 961 अरविन्द कुमार थाना पिलखुवा जनपद हापुड।